TOOLS VIEW HINDI GRAMMAR CLASS 7th LESSION 2 - Word (Product Activation Failed)

**कक्षा – 7**

**पाठ – 2**

**वर्ण विचार**

प्र.1 वर्णमाला किसे कहते हैं ? इसे कितने भागों में बाँटा गया है?

उ0. वर्णों के क्रमबद्ध समूह को वर्णमाला कहते हैं। इसे दो भागों में बाँटा गया है –

1. स्वर
2. व्यंजन

प्र.2 स्वर से आप क्या समझते है? स्वर के भेद बताओ।

उ0. जिन वर्णों का उच्चारण बिना किसी वर्ण की सहायता से स्वतंत्र रूप से किया जाता है, उन्हें स्वर कहते हैं। स्वर के तीन भेद होते है–

1. ह्रस्व स्वर
2. दीर्घ स्वर
3. प्लुत स्वर

प्र.3 व्यंजन से क्या तात्पर्य है? इसके भेद बताओ।

उ0. जिन वर्णों के उच्चारण में स्वर वर्णों की सहायता की ज़रूरत पड़ती है, उन्हें व्यंजन कहते हैं। व्यंजन के पाँच भेद होते है –

1. स्पर्श व्यंजन
2. अंतःस्थ व्यंजन
3. ऊष्म व्यंजन
4. संयुक्त व्यंजन
5. नवविकसित अतिरिक्त वर्ण

प्र.4 द्वित्व व्यंजन किसे कहते है? उदाहरण सहित लिखो।

उ0. जो व्यंजन दो समान व्यंजनों के संयोग से बनते हैं, वे द्वित्व व्यंजन कहलाते हैं।

उदा. क् + क = क्क – चक्कर, शक्कर।

च् + च = च्च – बच्चा, कच्चा।

प्र.5 अनुस्वार और अनुनासिक में क्या अंतर है? उदाहरण देकर समझाओ।

उ0. अनुस्वार –'अं' का प्रयोग अनुस्वार के रूप में किया जाता है। इसका निर्धारित चिह्न ( ं ) है, जैसे – नंदन, गुंजन

अनुनासिक – इसका निर्धारित चिह्न ( ँ ) है। इसे चंद्रबिंदु भी कहते हैं। जैसे – चाँद, आँख

End of document

Activate Windows
Go to Settings to activate Windows.

EENS 1-2 OF 2

Type here to search

4:48 AM
4/28/2020

Scanned with CamScanner

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–

(क) वर्णमाला किसे कहते हैं? इसे कितने भागों में बाँटा गया है?

(ख) स्वर से आप क्या समझते हैं? स्वर के भेद बताओ।

(ग) व्यंजन से क्या तात्पर्य है? इसके भेद बताओ।

(घ) द्वित्व व्यंजन किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखो।

(ङ) अनुस्वार और अनुनासिक में क्या अंतर है? उदाहरण देकर समझाओ।

2. उचित विकल्पों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–

(क) ________ की संख्या ग्यारह होती है। (व्यंजनों / स्वरों) √

(ख) ह्रस्व स्वर के अंतर्गत ________ वर्ण आते हैं। (आ, ई, ऊ, ए, ऐ / अ, इ, उ, ऋ) √

(ग) 'क्' से लेकर 'म्' तक के वर्ण ________ व्यंजन कहलाते हैं। (स्पर्श √ / अंतःस्थ)

(घ) ________ वर्ण लिखने के लिए उसके नीचे हलंत लगाया जाता है। (स्वर / व्यंजन √)

(ङ) ________ का निर्धारित चिह्न चंद्रबिंदु है। (अनुनासिक √ / अनुस्वार)

3. सही विकल्प चुनकर उत्तर दो–

(क) य्, र्, ल्, व् ________ व्यंजन हैं। (अंतःस्थ √ / ऊष्म)

(ख) क्ष्, त्र्, ज्ञ्, श्र् ________ व्यंजन हैं। (स्पर्श / संयुक्त √)

(ग) श्, ष्, स्, ह् ________ व्यंजन हैं। (ऊष्म √ / नवविकसित)

(घ) क्, ख्, ग्, घ् ________ व्यंजन हैं। (संयुक्त / स्पर्श √)

4. जोड़े मिलाओ–

| | | |
|---|---|---|
| (क) संयुक्त व्यंजन | दो समान व्यंजनों के योग से बनते हैं। | घ |
| (ख) ऊष्म व्यंजन | अं और अः | ग |
| (ग) अयोगवाह | क्ष्, त्र्, ज्ञ्, श्र् | क |
| (घ) द्वित्व व्यंजन | श्, ष्, स्, ह् | ख |

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA

Scanned with CamScanner

5. निम्नांकित शब्दों की ध्वनियों को अलग करो–

(क) सहयोग = स् + अ + ह् + अ + य् + ओ + ग् + अ

(ख) पुष्प = प् + उ + ष् + प् + अ

(ग) क्षमा = क् + ष् + अ + म् + आ

(घ) किसान क् + इ + स् + आ + न् + अ

(ङ) मरुस्थल म् + अ + र् + उ + स् + थ् + अ + ल् + अ

6. दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–

(क) दो वर्णों से मिलकर बने व्यंजन को कहते हैं–

(अ) स्पर्श व्यंजन ☐ (ब) संयुक्त व्यंजन ☑ (स) द्वित्व व्यंजन

(ख) 'अ', 'इ', 'उ', 'ऋ' स्वर हैं–

(अ) ह्रस्व स्वर ☑ (ब) दीर्घ स्वर ☐ (स) प्लुत स्वर

(ग) जिन स्वर वर्णों के उच्चारण में सबसे कम समय लगता है, उन्हें कहते हैं–

(अ) वर्ण ☐ (ब) शब्द ☐ (स) ह्रस्व स्वर ✓

(घ) 'आ', 'ई', 'ऊ', 'ए', 'ऐ', 'ओ' और 'औ' स्वर हैं–

(अ) ह्रस्व स्वर ☐ (ब) दीर्घ स्वर ☑ (स) प्लुत स्वर

(ङ) 'क्' से 'म्' तक के व्यंजन हैं–

(अ) उष्म व्यंजन ☐ (ब) संयुक्त व्यंजन ☐ (स) स्पर्श व्यंजन ✓

Scanned with CamScanner